<u>समाचार</u>

कोरबा के विकास में सर्वसमाज के साथ राठौर समाज की भूमिका भी अत्यधिक महत्वपूर्ण – विधानसभा अध्यक्ष

(विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत के मुख्य आतिथ्य एवं राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल की अध्यक्षता में क्षत्रिय राठौर समाज के भवन उन्नयन कार्य का सम्पन्न हुआ भूमिपूजन)

कोरबा 11 मार्च 2023 – छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत ने आज कहा कि कोरबा के विकास में सभी समाजों के साथ–साथ क्षत्रिय राठौर समाज की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, सभी समाज के लोगों ने मिलकर कोरबा का विकास किया है, अलग–अलग प्रदेशों से आए नागरिकों ने कोरबा एवं छत्तीसगढ़ की मिट्टी को गले लगाया तथा यहॉं के मूल निवासी भाईओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर यहॉं के विकास में अपना–अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

उक्त बातें विधानसभा अध्यक्ष डॉ.महंत ने क्षत्रिय राठौर समाज भवन कोरबा के उन्नयन कार्य के भूमिपूजन अवसर पर कही। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा की गई घोषणा के अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा क्षत्रिय राठौर समाज कोरबा के भवन के उन्नयन व विकास का कार्य 20 लाख रूपये की लागत से कराया जाना हैं, छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत के मुख्य आतिथ्य एवं राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान उक्त विकास कार्य का भूमिपूजन उनके करकमलों के द्वारा किया गया। कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत कार्यक्रम की गेस्ट आफ आनर रही, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष सुरेन्द्रप्रताप जायसवाल, मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। इस मौके पर अपने उद्बोधन में विधानसभा अध्यक्ष डॉ.महंत ने आगे कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा कोरबा के विकास के लिए लगातार कार्य कराए जा रहे हैं, वहीं कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत भी कंधे

से कंधा मिलाकर विकास में अपना पूरा सहयोग दे रही हैं। उन्होने कहा कि महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं उनकी टीम बिना भेदभाव के कोरबा के विकास में लगी हुई हैं, अतः कोरबा का सर्वांगीण विकास होने से कोई रोक नहीं सकता है।

विकास के प्रति समर्पण व सेवाभावना के साथ हो रहा कार्य – इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि कोरबा के विकास के लिए यहाँ के नागरिको को सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सहज रूप में उपलब्ध कराने के लिए पूरे समर्पण व सेवाभावना के साथ कार्य किए जा रहे हैं। कोरबा में रह रहे सभी समाजों के लिए भवन बनाए जा चुके हैं, अब इन भवनों के विस्तार व उनमें सुविधाएं बढ़ाने के कार्य भी हो रहे हैं। उन्होने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत के मार्गदर्शन में मेरे द्वारा यह संकल्प लिया गया था कि कोरबा के सभी समाजों के लिए उनके अपने भवनों का निर्माण कराया जाएगा, मुझे खुशी है कि हमारे वह संकल्प पूर्ण हो रहे हैं।

वीर दुर्गादास राठौर के नाम से चौक का नामकरण – इस मौके पर राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने नगर निगम क्षेत्र के किसी एक चौक का नामकरण वीर शिरोमणी दुर्गादास राठौर के नाम पर किए जाने की मांग का स्वागत करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत, कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत की ओर से भी महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद को निर्देशित किया कि वे किसी एक चौक का नामकरण वीर शिरोमणी दुर्गादास राठौर के नाम पर किए जाने की कार्यवाही कराएं तथा मेयर इन काउंसिल में उक्ताशय का प्रस्ताव पारित कर चौक का नामकरण करें। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत ने श्री दुर्गादास राठौर की प्रतिमा की स्थापना करने हेतु पहल किए जाने का सुझाव भी दिया।

किया गया वरिष्ठजनों का सम्मान – इस अवसर पर क्षत्रिय राठौर समाज द्वारा समाज के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत, राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत एवं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने समाज के लोगों को बधाई व शुभकामनाएं दी तथा वरिष्ठजनों क सम्मान के लिए क्षत्रिय राठौर समाज के पदाधिकारियों व सदस्यों को साधुवाद दिया।

इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी के साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, शहर अध्यक्ष व एम.आई.सी.सदस्य सपना चौहान, मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, सुनीता राठौर, खाद्य आयोग के सदस्य हरीश परसाई, पार्षद दिनेश सोनी, उर्वशी राठौर, एल्डरमेन गीता गभेल व रूपा मिश्रा, पूर्व पार्षद महेश अग्रवाल, मुकेश राठौर, किरण चौरसिया, कृष्णा राठौर, ममता अग्रवाल, रमेश राठौर, द्रौपदी तिवारी सहित राठौर समाज के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थे।